No. T-16017/21/2022-TFA
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Personnel & Training
(Training Division)
....

Old JNU Campus, New Delhi
Dated the 7th March, 2023

**OFFICE MEMORANDUM**

Sub: Earmarking of at least 2.5% of Salary Budget for training and capacity building - reg.

The undersigned is directed to say that the National Training Policy, 2012, *inter alia*, recommends that each Ministry / Department / Organization set aside at least 2.5% of its salary budget for training (para 9.2 of NTP, 2012 refers).

2. In this regard, attention is drawn to the D/o Expenditure's Notification dated 16th December, 2022 (copy enclosed) conveying thereby amendment to Rule 8 of the Delegation of Financial power Rules, 1978, *vide* which a new Object Head, namely, 'Training Expenses' has been created.

3. This is for information and necessary action of all Ministries / Departments/ Organizations under Government of India.

4. Hindi version of this OM will follow.

Encl: As above.

**Signed by Dasari Ramesh Babu**
**Date: 07-03-2023 15:15:54**
**Reason: Approved**

(D. Ramesh Babu)
Under Secretary to the Govt. of India

All the Ministries / Departments
(As per the Standard List)

Copy to :

1. The Chief Executive Officer, Karmayogi Bharat - SPV, NDCC-II Building, Opp. Jantar Mantar, New Delhi.
2. NIC for uploading the OM on this Department's portal.

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17122022-241179
CG-DL-E-17122022-241179

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 5659] | नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 16, 2022/अग्रहायण 25, 1944 |
| No. 5659] | NEW DELHI, FRIDAY, DECEMBER 16, 2022/AGRAHAYANA 25, 1944 |

## वित्त मंत्रालय

## (व्यय विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 2022

**का.आ. 5895(अ).**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 150 के साथ पठित अनुच्छेद 77 के खंड (3) के अनुसरण में, वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन (संशोधन) नियम, 2022 है ।

(2) ये अप्रैल, 2023 की पहली तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978, जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है, में नियम, 8 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"8. विनियोग की प्राथमिक यूनिटें

(1) भारित व्यय के लिए अनुदान या विनियोग उस मानक उद्देश्य शीर्ष द्वारा वितरित किया जाता है, जिसके अधीन उसे लेखे में लिया जाएगा तथा प्रत्येक ऐसा मानक उद्देश्य शीर्ष, जिसके सामने व्यय के लिए उपबंध अभिव्यक्त होता है, वह विनियोग की प्राथमिक यूनिट गठित करता है।

(2) इस प्राथमिक यूनिट के अंतर्गत मतदान किए गए और भारित दोनों प्रकार के व्यय के लिए उपबंध हो सकेगा और उस दशा में प्रत्येक की रकम अलग-अलग दर्शायी जाएगी।

(3) विनियोग या मानक उद्देश्य शीर्षों की प्राथमिक यूनिटें वे होंगी, जो नीचे सारणी में विनिर्दिष्ट की गई हैं:

सारणी

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (क) राजस्व व्यय | | | |
| उद्देश्य-श्रेणी-I कर्मचारियों को प्रतिकर | | | |
| 1 | 01 | वेतन | इसमें एफआर 9(21) के अधीन यथा-परिभाषित सरकारी कर्मचारियों का वेतन, मानदेय और इंटर्न वृत्तिका शामिल होगी। इसमें राज्यों के प्रमुखों तथा अन्य उच्च गणमान्य व्यक्तियों की परिलब्धियां और भत्ते, सत्कार भत्ता तथा विभागीय कैंटीन के कर्मचारियों को देय वेतन और एलटीसी छुट्टी का नकद भुगतान शामिल होगा। |
| 2 | 02 | मजदूरी | इसमें मजदूरों और कर्मचारियों की वर्तमान में आकस्मिक रूप से भुगतान की जाने वाली मजदूरी शामिल होगी। |
| 3 | 05 | पुरस्कार | इसमें सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन और भत्ते के अतिरिक्त योजना के अधीन प्राप्त होने वाले पुरस्कार शामिल होंगे। इसमें बोनस तथा हिंदी प्रतियोगिता, आदि के नकद पुरस्कार भी शामिल होंगे। |
| 4 | 06 | चिकित्सा उपचार | इसमें सरकारी कर्मचारियों/ पेंशनरों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति/ उपचार के लिए भुगतान की गई रकम शामिल होगी। |
| 5 | 07 | भत्ते | इसमें यथा-अनुप्रयोज्य महंगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, विदेश भत्ता, नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता, प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता, व्यक्तिगत वेतन, परिवार नियोजन भत्ता, विशेष प्रतिकर (पहाड़ी क्षेत्र) भत्ता, जनजातीय क्षेत्र भत्ता, कठिन क्षेत्र भत्ता, मुख्यालय भत्ता, समयोपरि भत्ता, बाल शिक्षा भत्ता, ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति, राशन भत्ता, नकद में दिए जाने वाले राशन की लागत, निर्वाचन-क्षेत्र भत्ता, वर्दी और वस्त्र भत्ता, मनोरंजन भत्ता, परियोजना भत्ता, विशेष प्रतिकर (दूरस्थ स्थल) भत्ता, खराब जलवायु भत्ता, धुलाई भत्ता, विशेष (ड्यूटी) भत्ता, रात्रि ड्यूटी भत्ता, जोखिम भत्ता, सुंदरबन भत्ता, नकद रखरखाव भत्ता, देखभाल भत्ता, स्प्लिट ड्यूटी भत्ता और उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता जो सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन के अतिरिक्त देय हो। |
| 6 | 08 | छुट्टी यात्रा रियायत | इसमें एलटीसी नियम की हकदारी के अधीन परिवहन के अन्य किसी साधन का किराया/ हवाई/ रेल/ बस किराया शामिल होगा। |
| 7 | 09 | प्रशिक्षण व्यय | इसमें प्रशिक्षण पर किया गया व्यय शामिल होगा जैसे संदत्त फीस और प्रशिक्षण/ कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए आकस्मिक खर्च सामग्री, आदि शामिल होंगे, परंतु इसमें घरेलू या विदेश यात्रा खर्च, पर किया गया खर्च शामिल नहीं होगा। |
| उद्देश्य-श्रेणी II- कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा | | | |
| 8 | 04 | पेंशन प्रभार | इसमें सरकारी कर्मचारियों, संसद सदस्यों, स्वतंत्रता सेनानियों आदि को देय पेंशन और सभी प्रकार के उपदान के भुगतान आदि सहित सभी पेंशनिक फायदे शामिल होंगे। इसमें सेवा निधि अंशदान और अंशदायी भविष्य निधि में किया गया अंशदान, सेवानिवृत्ति या मृत्यु, सेवा समाप्ति, आदि के समय छुट्टी के बदले नकद भुगतान भी शामिल होंगे। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अधीन देय सरकार का योगदान भी शामिल होगा। तथापि, इसमें वृद्धावस्था पेंशन जैसा सामाजिक सुरक्षा व्यय शामिल नहीं होगा। |

| क्र. सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| उद्देश्य-श्रेणी III- वस्तु और सेवाएं | | | |
| 9 | 11 | घरेलू यात्रा खर्च | इसमें सरकारी कर्मचारियों के भारत में सरकारी दौरों और स्थानान्तरण पर यात्रा व्यय शामिल होगा। इसमें भारत में यात्रा के लिए गैर-सरकारी सदस्यों के टीए/डीए पर होने वाला व्यय भी शामिल होगा। इसमें सेवानिवृत्ति के समय पेंशनभोगियों को देय स्थानांतरण टीए भी शामिल होगा। |
| 10 | 12 | विदेश यात्रा का खर्च | इसमें सरकारी कर्मचारियों के भारत के बाहर सरकारी दौरों और स्थानांतरण पर होने वाला खर्च शामिल होगा। इसमें भारत के बाहर सरकारी दौरों पर गैर-सरकारी सदस्यों का टीए/डीए पर होने वाला व्यय भी शामिल होगा। |
| 11 | 13 | कार्यालय व्यय | इसमें कार्यालय स्थापना के रखरखाव के लिए किए जाने वाले सभी आवर्ती और गैर-आवर्ती आकस्मिक व्यय जैसे स्टेशनरी, डाक प्रभार, कूरियर प्रभार, टेलीफोन प्रभार, इंटरनेट प्रभार, केबल कनेक्शन प्रभार, बिजली प्रभार, जल प्रभार, सेवा करार, सुरक्षा, अल्प अवधि के लिए संविदा आधार पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को रखने संबंधी व्यय, आउटसोर्स से आए कार्यालय परिचर, कार्यालय सहायक/ डेटा एंट्री ऑपरेटर्स (डीईओ), हाउस कीपिंग, वर्दी/ यूनिफॉर्म, गर्म और सर्द मौसम प्रभार, कीटनाशक नियंत्रण, रिफ्रेशमेंट, पुस्तकें और पत्रिकाएं, आदर-सत्कार व्यय जिसमें विदेशी शिष्टमंडल का आतिथ्य, उपहार एवं स्मृति चिह्न और कार्यालय द्वारा आयोजित सम्मेलन/कार्यशाला/ बैठकें शामिल होंगी तथा साथ ही अध्ययन सामग्री/किट, जलपान, अध्ययन दौरे आदि से संबंधित सभी व्यय शामिल होंगे। इसमें कार्यालय उपस्कर, फर्नीचर और फिक्स्चर की खरीद भी शामिल होंगे जो सरकार द्वारा समय-समय पर यथाविनिश्चित सीमा (एक लाख रुपए या तीन वर्ष की उपयोगी जीवनावधि, इनमें से कोई एक) से अधिक नहीं होंगे। सरकार द्वारा समय-समय पर यथाविनिश्चित की गई समय-सीमा से अधिक के कार्यालय उपस्कर तथा फर्नीचर और फिक्स्चर को 'मशीनरी एवं उपस्कर' और 'फर्नीचर तथा फिक्स्चर' नामक सुसंगत वस्तु शीर्ष के अधीन 'पूंजीगत' व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। तथापि, इसके उपयोग (कार्यालय या अन्यथा) के बावजूद यानों की खरीद को 'मोटर यान' नामक सुसंगत पूंजीगत वस्तु के अधीन 'पूंजीगत' व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। |
| 12 | 14 | भूमि और भवनों के लिए किराया, दरें और कर | इसमें भवनों (भवनों से भिन्न गैर-आवासीय या आवासीय या अन्य संरचनाओं) के किराए, नगरपालिका दरें और कर तथा किराए पर ली गई भूमि और भवनों के लिए पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार को अंतरणीय नहीं है, का व्यय शामिल होगा। तथापि, भूमि और भवनों के लिए पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार को अंतरणीय है, को 'भूमि' और 'भवन एवं संरचनाएं' नामक सुसंगत वस्तु शीर्षों के अंतर्गत 'पूंजीगत' व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। |
| 13 | 15 | रॉयल्टी | इसमें पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, प्रिंट, प्रकाशन, संगीत, आदि की रॉयल्टी पर व्यय शामिल होगा। |
| 14 | 16 | मुद्रण और प्रकाशन | इसमें कीमती सामान, लेखापरीक्षा और लेखा रिपोर्टों, फॉर्म, स्टेशनरी, कार्यालय कोड, मैनुअल और अन्य दस्तावेज, ई-बुक्स, ई-मैगजीन, डिजीटल छपाई, पेन ड्राइव, सीडी, आदि, सहित समाचार-पत्र और मैगजीन की छपाई पर होने वाला व्यय शामिल होगा, परंतु इसमें प्रचार संबंधी सामग्री की छपाई पर व्यय शामिल नहीं होगा जिसे विज्ञापन और प्रचार के अधीन वर्गीकृत किया जाएगा। |
| 15 | 18 | अन्यों के लिए किराया | इसमें उपस्कर और अन्य विभिन्न मदों जैसे कार्यालय उपस्कर, परिवहन, कंप्यूटर और सहायक उपस्कर, संचार उपस्कर, एयर-कंडीशनिंग, हीटिंग और रेफ्रिजरेटिंग उपस्कर, सुरक्षा उपस्कर, |

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | प्रसारण और रिकॉर्डिंग उपस्कर, निर्माण उपस्कर, कृषि उपस्कर, बागवानी उपस्कर, चिकित्सा उपस्कर, फर्नीचर और फिक्स्चर को किराए पर लेने संबंधी व्यय शामिल होंगे। इसमें उपस्कर और अन्य मदों के लिए पट्टा प्रभार भी शामिल होगा, जिसका स्वामित्व सरकार को अंतरणीय नहीं है। तथापि, उपस्कर और अन्य मदों के लिए पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार को अंतरणीय है, को संबंधित वस्तु शीर्षों के अधीन 'पूंजीगत व्यय' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। |
| 16 | 19 | डिजिटल उपकरण | इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद या विकास, जहां व्यक्तिगत मद की लागत सरकार द्वारा समय-समय पर यथाविनिर्दिष्ट सीमा (एक लाख रुपए या तीन वर्ष का उपयोग समय, दोनों में से कोई एक) से अधिक न हो, पर राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किए जाने वाले व्यय शामिल होंगे। तथापि, यह सीमा प्रिंटर के लिए टोनर और कार्टेज जैसी उपभोग्य सामग्रियों पर लागू नहीं होगी, जिन्हें राजस्व व्यय के अधीन वर्गीकृत किया गया है। |
| 17 | 21 | सामग्री और आपूर्तियां | इसमें विभिन्न प्रकार की आपूर्तियों, सामग्री और भंडार, आदि, चिकित्सा आपूर्तियां, कृषि आपूर्तियां, पशुधन आपूर्तियां, सफाई सामग्रियां, अस्पताल औषधियां और दवाएं, पशु औषधि, रसायन तथा उर्वरक, प्रयोगशाला आपूर्तियां, अतिरिक्त पुर्जे, कपड़े और तम्बू पर खर्च शामिल होंगे। |
| 18 | 22 | हथियार और गोला बारूद | इसमें पुलिस और अन्य अर्द्ध-स्थापनाओं पर हथियार और गोला-बारूद का राजस्व व्यय शामिल होगा। |
| 19 | 23 | राशन की लागत | इसमें कार्मिकों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को प्रदान किए जाने वाले राशन की खरीद पर व्यय शामिल होगा। |
| 20 | 24 | ईंधन और स्नेहक | इसमें पेट्रोल, तेल, स्नेहक तथा अन्य ईंधन जैसे सीएनजी, डीजल आदि पर व्यय शामिल होगा। |
| 21 | 26 | विज्ञापन और प्रचार | इसमें प्रिंट मीडिया, टीवी मीडिया या इंटरनेट या मोबाइल नेटवर्क या अन्य दृश्य-श्रव्य प्रचार या मेले और प्रदर्शनी जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर प्रचार सामग्री की बिक्री और मुद्रण के लिए अभिकर्ताओं को कमीशन सहित व्यय शामिल होंगे। |
| 22 | 27 | लघु सिविल तथा बिजली के कार्य | इसमें कार्यालय भवनों, आवासीय भवनों, अन्य भवनों के मामूली सिविल और बिजली के कार्यों की मरम्मत और रखरखाव पर व्यय तथा सीपीडब्ल्यूडी द्वारा रखरखाव किए गए डीजल जेनसेट, आदि, के रखरखाव तथा संचालन पर होने वाला व्यय शामिल होगा। |
| 23 | 28 | व्यावसायिक सेवाएं | इसमें सरकार को सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यावसायिकों, परामर्शदाताओं, कलाकारों, बैंकों, आदि, की सेवाएं लेने पर होने वाला व्यय शामिल होगा, जिसमें विधिक सेवाएं, परामर्श फीस, लेखा-परीक्षा फीस, शिक्षण और प्रशिक्षण फीस, कलाकारों को भुगतान, प्रश्न बनाने वालों या पर्यवेक्षकों या अतिथि वक्ताओं को पारिश्रमिक, सेवाएं प्रदान करने के लिए अन्य विभागों को भुगतान करना, विभागीय परीक्षा आयोजित करने के लिए अभिकरणों को किया जाने वाला भुगतान/व्यय शामिल है। |
| 24 | 29 | मरम्मत और रखरखाव | इसमें मशीनरी और उपस्कर, कार्यालय उपस्कर, अन्य कार्यात्मक उपयोग के लिए उपस्कर, कार्यालय उपयोग के लिए डिजिटल उपस्कर, कार्यात्मक उपयोग के लिए डिजिटल उपस्कर, कार्यालय के लिए फर्नीचर और फिक्स्चर, अन्य कार्यात्मक उपयोग के लिए फर्नीचर और फिक्स्चर, यान (कार्यालय/ कार्यात्मक उपयोग के लिए मोटर यान और गैर-मोटर यान जैसे साइकिल, रिक्शा, छकड़ा-गाड़ी, ट्रॉली और नाव आदि), बुनियादी ढांचा परिसंपत्तियों (इसमें |

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | मामूली नागरिक और इलेक्ट्रिकल कार्य जैसे लाइनें, पुलों, रेलवे का रोलिंग स्टॉक, राजमार्ग, बंदरगाह, जहाज, वायुयान, हेलीकाप्टर, रडार, होवरक्राफ्ट, हवाई अड्डे या अन्य बुनियादी ढांचों पर निवारक और प्रभावनात्मक रखरखाव व्यय शामिल होगा), टूल और संयंत्र, हथियार और गोला-बारूद आदि जैसे उपस्करों की मरम्मत और रखरखाव (इसमें सभी रखरखाव संबंधी संविदा शामिल है) पर व्यय शामिल होंगे, लेकिन उन्नयन, मध्यावधि पुनर्वास, रेट्रोफिटिंग और/या रिकंडिशनिंग का व्यय शामिल नहीं होगा। |
| 25 | 39 | बैंक और अभिकरण प्रभार | इसमें बैंक सेवा प्रभार, अभिकरण प्रभार, एमडीआर प्रभार, बैंकों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रभार और मौद्रिक संव्यवहार करने वाली सुविधा फीस के लिए अन्य कोई प्रभार शामिल होंगे। |
| 26 | 40 | अवार्ड और पुरस्कार | इसमें सरकार द्वारा प्रतिष्ठित व्यक्तियों और संगठनों को दिए जाने वाले अवार्ड और पुरस्कार शामिल होंगे। |
| उद्देश्य श्रेणी IV – सहायता | | | |
| 27 | 31 | सहायता अनुदान-सामान्य | इसमें वेतन से भिन्न भुगतान के लिए जारी सहायता अनुदान और पूंजीगत आस्तियों का सृजन भी शामिल होगा। इसमें कल्याण संबंधी क्रियाकलापों पर व्यय भी शामिल होगा। |
| 28 | 32 | अंशदान | इसमें सदस्यता से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय संगठनों का दिए गए अंशदान शामिल होंगे। इसमें समग्र निधियों के लिए स्वायत्त निकायों या पीएसयू या पीएसबी में किए गए अंतरण शामिल नहीं होंगे। |
| 29 | 33 | सब्सिडी | इसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के अधीन जारी सब्सिडी शामिल होगी। |
| 30 | 34 | छात्रवृत्ति | इसमें विभिन्न संस्थानों या संगठनों या फायदाग्राहियों या व्यक्तियों को जारी की गई छात्रवृत्ति की रकम शामिल होगी। |
| 31 | 35 | पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदान | इसमें पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए भुगतान हेतु जारी अनुदान सहायता शामिल होगी। इसमें व्यवहार्यता अंतर निधियन (व्यवहार्यता अंतर निधियन योजना के अधीन चलने वाली परियोजनाओं पर व्यय) भी शामिल होगा। |
| 32 | 36 | सहायता अनुदान - वेतन | इसमें वेतन के भुगतान के लिए जारी सहायता अनुदान शामिल होगा। |
| 33 | 37 | सहायता सामग्री और उपस्कर | इसमें मंत्रालयों या विभागों या अन्य सरकारों या संगठनों को अंतरित सहायता सामग्री और उपस्करों का मूल्य शामिल होगा। इसमें अनुदान प्राप्त करने वाले निकायों को वस्तु के रूप में दिए गए अनुदान भी शामिल होंगे। |
| उद्देश्य श्रेणी V - विविध राजस्व व्यय | | | |
| 34 | 41 | गुप्त सेवा व्यय | इसमें गुप्त सेवाओं पर व्यय शामिल होगा। |
| 35 | 44 | विनिमय से हानि | इसमें भारतीय रुपए में विदेशी मुद्रा के विनिमय की दर में अंतर के कारण होने वाली हानि शामिल होगी। विदेशी संसाधनों से प्राप्ति ऋण के समय विनिमय दर में अंतर के कारण होने वाली हानि और उसके भुगतान को भी इस वस्तु शीर्ष के अधीन विकलित किया जाएगा। |
| 36 | 45 | ब्याज भुगतान | इसमें पूंजी पर ब्याज का भुगतान और ऋणों पर छूट शामिल होगी। |

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 37 | 49 | अन्य राजस्व व्यय | इसमें वैवेकिक अनुदान से भुगतान, अन्य छूट, फीस और जुर्माना, सीमा शुल्क प्रतिकर, प्रतिबद्धता प्रभार, उपहारों का नोशनल मूल्य, अधिकारियों के आवासों के लिए खरीदे गए या आपूर्ति किए गए समाचार-पत्रों की प्रतिपूर्ति तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए ड्रीफकेस या महिलाओं के लिए पर्स की खरीद या प्रतिपूर्ति आदि शामिल हैं। अन्य कोई व्यय जिसे इन विनिर्दिष्ट वस्तु शीर्षों में से किसी के अधीन वर्गीकृत नहीं किया जा सकता, को इस शीर्ष में से विकलित किया जाएगा। इसमें उन योजनाओं, उप-योजनाओं या संगठनों का व्यय भी शामिल होगा जिन्हें अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किया गया है। |
| (ख) पूंजीगत व्यय (आस्तियां) | | | |
| उद्देश्य श्रेणी VI- गैर-वित्तीय आस्तियां (नियत और अमूर्त आस्तियां) | | | |
| 38 | 51 | मोटर यान | इसमें सड़क पर चलने वाली बस, कार, ट्रक, मोटरसाइकिल जैसे मोटर यानों की खरीद, शामिल होगी चाहे उनका उपयोग जो भी हो। |
| 39 | 52 | उपस्कर और औजार | इसमें मशीनरी तथा यंत्र (मोटर यान और आईसीटी उपस्कर से भिन्न), बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपस्कर, चिकित्सा उपस्कर, सटीक और ऑप्टिकल उपस्कर, घड़ी और क्लॉक, संगीत वाद्ययंत्र और खेल के सामान, आदि के, अलावा अन्य मशीनरी और उपस्कर की खरीद, आदि शामिल होगी, जिसका मूल्य एक लाख रुपए से अधिक हो या जिसका तीन वर्षों का उपयोग समय हो, दोनों में से किसी एक को, इस शीर्ष के अधीन बुक करना आवश्यक होगा। |
| 40 | 71 | *सूचना, कंप्यूटर, दूरसंचार (आईसीटी) उपस्कर* | इसमें सूचना, कंप्यूटर, कम्प्यूटर दूरसंचार (आईसीटी) उपस्कर, जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर और दूरसंचार यंत्र (कम्प्यूटर/लैपटॉप, प्रोजेक्टर, आदि) तथा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जिसका मूल्य सीमा से अधिक हो (एक लाख रुपए या तीन वर्ष का उपयोग समय हो, दोनों में से कोई एक) तथा इलेक्ट्रोमैगनेटिक स्पेक्ट्रम जिसका उपयोग ध्वनि, डेटा और टेलीविज़न के प्रसारण में किया जाता है, की खरीद शामिल होगी। |
| 41 | 72 | *भवन और संरचनाएं* | इसमें कार्यालय भवन, आवासीय भवन, अन्य भवन और संरचनाएँ जैसे अस्पताल, प्रयोगशालाएँ, सभागार, प्रकाश स्तंभ, आश्रय आदि, सार्वजनिक स्मारक जैसे प्रतिमाएँ, सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित फव्वारे और भूमि सुधार शामिल होंगे। |
| 42 | 73 | *अवसंरचनात्मक आस्तियां* | इसमें सड़कें, पुल, सुरंगे, सिंचाई परियोजनाएं, विद्युत परियोजनाएं, खेल अवसंरचना, जल और सीवेज परियोजनाएं, रेलवे आस्तियां, जहाजों, पत्तनों, उपग्रहों, उपग्रह प्रक्षेपण यान, विमानपत्तनों, वायुयानों, मोटर नौकाएं, रेलवे लोकोमोटिव और रोलिंग स्टॉक, अन्य अवसंरचनात्मक परियोजनाएं (केबल लाइनें, सीवेज सिस्टम, वर्षा जल संचयन, सौर प्रणाली, दूरसंचार टॉवर, पारेषण लाइनें और बिजली टॉवर, आदि) जैसी अवसंरचनात्मक आस्तियों की खरीद शामिल होगी। |
| 43 | 74 | *फर्नीचर और फिक्स्चर* | इसमें कार्यालय उपयोग और कार्यात्मक उपयोग के लिए थ्रेशोल्ड सीमा से अधिक फर्नीचर और फिक्स्चर की खरीद पर व्यय (एक लाख रुपए से अधिक या उपयोगी जीवन के तीन वर्ष, दोनों में से कोई एक) शामिल होगा। |
| 44 | 75 | *हथियार और गोला बारूद (पूंजीगत)* | इसमें पूंजी प्रकृति के हथियारों और गोला-बारूद की खरीद शामिल होगी। |
| 45 | 76 | *विरासत आस्तियों और एन.डी.सी. का* | इसमें 1/- रुपए के नाममात्र मूल्य पर आस्तियां रजिस्टर में मान्यता-प्राप्त और अभिलिखित विरासत आस्तियों का पुनर्वास, जीर्णोद्धार, रेट्रोफिटिंग और उन्नयन शामिल होगा जो 'अन्यत्र वर्गीकृत नहीं' है। इसमें ललित कला तथा सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं की |

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | *उन्नयन/ खरीद* | खरीद पर व्यय भी शामिल होगा। |
| 46 | 77 | *अन्य नियत आस्तियां* | इसमें पुस्तकालय की पुस्तकें और प्रकाशन, वृक्ष, फसलें और पौधे जैसी अन्य नियत आस्तियों की खरीद शामिल होगी, जिनका प्राकृतिक विकास और पुनर्जनन संस्थागत यूनिटों के सीधे नियंत्रण में होता है, गैर-मोटर यान, जैसे, साइकिल, रिक्शा, छकड़ा, ट्रॉली, नाव आदि। |
| 47 | 78 | *भूमि* | इसमें भूमि जिसमें मिट्टी की ऊपरी परत सहित जमीन, कार्यालय और आवासीय भवन के लिए भूमि तथा अन्य संबद्ध सतही जल (जलाशय, झीलें, नदियां और अन्य अंतर्देशीय जल) शामिल है, जिन पर स्वामित्व अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है)। |
| 48 | 79 | *भूमि से भिन्न गैर-उत्पादित आस्तियां* | इसमें भूमि की सतह पर या भूमिगत खनिज और ऊर्जा भंडार शामिल होंगे, जिनमें तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला, धातु के अयस्क जैसे लौह, गैर-लौह और कीमती धातु के अयस्क), गैर-धातु खनिज भंडार (पत्थर की खदान, मिट्टी और रेत के गड्ढे, रासायनिक और उर्वरक खनिज भंडार, और नमक, क्वार्ट्ज, जिप्सम, प्राकृतिक मणि पत्थर, डामर, बिटुमेन और पीट सहित) जल संसाधन, केवल एक बार पैदावार देने वाले और बार-बार पैदावार देने वाले पौधे जिनके लिए स्वामित्व अधिकार दिया जाता है, लेकिन जिसके लिए प्राकृतिक विकास या पुनरुत्पादन किसी भी संस्थागत यूनिटों के प्रत्यक्ष नियंत्रण, उत्तरदायित्व और प्रबंधन के अधीन नहीं है जैसे अछूते जंगल और मत्स्य पालन जिनका व्यावसायिक रूप से शोषण किया जा सकता है। |
| 49 | 80 | *अमूर्त आस्तियां* | इसमें कॉपी राइट, पेटेंट, साख, बौद्धिक संपदा, आदि, पर किया गया व्यय शामिल होगा। |
| उद्देश्य श्रेणी VI- वित्तीय आस्तियां | | | |
| 50 | 54 | निवेश | इसमें सरकार द्वारा शेयरों की खरीद और इक्विटी पर किया गया निवेश, प्रतिभूतियों में निवेश, सावधि और टर्म डिपॉजिट में निवेश तथा अन्य निवेश शामिल होंगे। |
| 51 | 55 | ऋण और अग्रिम | इसमें सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम शामिल होंगे। |
| 52 | 56 | उधार की अदायगी | इसमें सरकार द्वारा उधारी का पुनर्भुगतान शामिल होगा। |
| 53 | 57 | अभिदान | इसमें पूंजीगत स्वरूप के सरकार द्वारा दिए गए अभिदान शामिल होंगे। |
| 54 | 60 | अन्य पूंजीगत व्यय | इसमें अन्य सभी पूंजीगत व्यय शामिल होंगे जिन्हें उपरोक्त किसी भी पूंजी वस्तु शीर्ष में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। |
| (ग) - लेखा समायोजन | | | |
| उद्देश्य श्रेणी VII- लेखा समायोजन | | | |
| 55 | 43 | उचंत | इसमें लेखा के अंतिम शीर्ष के अधीन समायोजन के लिए पूर्ण ब्यौरे के अभाव में उचंत शीर्षों के अधीन रखी गई रकम शामिल होगी। |
| 56 | 61 | अवक्षयण | इसमें वाणिज्यिक विभागों द्वारा आस्तियों पर लगाया गया अवक्षयण शामिल होगा। |
| 57 | 62 | आरक्षितियां | इसमें भंडार के प्रावधान शामिल होंगे। |
| 58 | 63 | अंतर लेखा अंतरण | इसका उपयोग एक शीर्ष से दूसरे शीर्ष में रकम के अंतरण के लिए किया जाएगा। |

| क्र.सं. | कोड | उद्देश्य-शीर्ष | विवरण/परिभाषाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 59 | 64 | हानियों को बट्टे खाते में डालना | इसमें अपरिवर्तनीय ऋण, व्यापार हानि को बट्टे खाते में डालना शामिल होगा। |
| 60 | 69 | प्राप्तियां घटाएं | इसमें प्राप्तियों को कम करके समायोजित की गई प्राप्ति शीर्ष से भुगतान की गई रकम शामिल होगी। |
| 61 | 70 | वसूलियां घटाएं | इसका प्रयोग व्यय के घटने से अधिक भुगतान को समायोजित करने के लिए किया जाएगा। |

टिप्पणी: आस्तियों के सुधार या उन्नयन पर व्यय, जिसमें आस्तियों का पुनर्वास, पुनरुद्धार, पुनर्निधारण और भूमि, भवन, उपस्कर और अन्य गैर-वित्तीय आस्तियों का पट्टा प्रभार शामिल हैं, जिसका स्वामित्व सरकार को अंतरणीय होगा, को संबद्ध आस्तियों के सामने वस्तु शीर्ष वर्ग - पूंजीगत व्यय (आस्ति) में बुक किया जाएगा।

(4) वित्त मंत्रालय, उप-नियम (3) के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्राथमिक यूनिटों में कोई अन्य प्राथमिक यूनिट जोड़ सकेगा या ऐसी यूनिटों का पूर्णतः एक भिन्न सेट विहित कर सकेगा।

(5) अनुदान की विस्तृत मांग तैयार करने के लिए संख्यात्मक संहिताकरण के संबंध में भारत सरकार के विभाग निम्नलिखित को ध्यान में रखेंगे, अर्थात् : -

(i) अनुदान की विस्तृत मांगों में वर्गीकरण के स्तरों की संख्या नीचे सारणी में इंगित की गई मानक छह स्तरों की होंगी:

| क.सं. (1) | शीर्ष का प्रकार (2) | संहिताकरण (3) |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य शीर्ष | - 4 अंक (प्रकार्य) |
| 2. | उप-मुख्य शीर्ष | - 2 अंक (उप-प्रकार्य) |
| 3. | लघु शीर्ष | - 3 अंक (कार्यक्रम) |
| 4. | उप-शीर्ष | - 2 अंक (योजना) |
| 5. | विस्तृत शीर्ष | - 2 अंक (उप-योजना) |
| 6. | उद्देश्य-शीर्ष | - 2 अंक (विनियोग या उद्देश्यशीर्ष की प्राथमिक यूनिट) |

(ii) संघ और राज्यों के लिए महालेखा नियंत्रक द्वारा मुख्य, उप-मुख्य, लघुशीर्षों, उप-शीर्षों तथा विस्तृत शीर्षों के लिए समनुदेशित संख्यात्मक संहिता संख्याएं अनुदान के लिए विस्तृत मांगों में अनुसरित की जाएंगी;

(iii) राजस्व और पूंजीगत व्यय में अंतर, शासकीय लेखा नियम, 1990 तथा सामान्य वित्तीय नियम, 2017 में दी गई परिभाषा के अनुसार होगा।

[फा. सं. 01(14)/2016-ई.II(क)]

अविनाश के. नीलांकर, उप सचिव

टिप्पण : मूल नियम भारत के राजपत्र का.आ. संख्यांक 2131 में तारीख 22 जुलाई, 1978 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और तत्पश्चात् निम्नलिखित अधिसूचनाओं द्वारा संशोधित किए गए हैं:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अधिसूचना | का.आ. 1187, | दिनांक 9.6.1979 |
| (ii) | ,, | का.आ. 2942, | दिनांक 1.9.1979 |
| (iii) | ,, | का.आ. 2611, | दिनांक 4.10.1980. |
| (iv) | ,, | का.आ. 2164 | दिनांक 15.8.1981 |
| (v) | ,, | का.आ. 2304, | दिनांक 5.9.1981. |
| (vi) | ,, | का.आ. 3073, | दिनांक 4.9.1982. |
| (vii) | ,, | का.आ. 4171, | दिनांक 11.12.1982. |
| (viii) | ,, | का.आ. 1314, | दिनांक 26.2.1983 |
| (ix) | ,, | का.आ. 2502, | दिनांक 4.8.1984 |
| (x) | ,, | का.आ. 22, | दिनांक 5.1.1985. |
| (xi) | ,, | का.आ. 1958, | दिनांक 11.5.1985. |
| (xii) | ,, | का.आ. 3082, | दिनांक 6.7.1985. |
| (xiii) | ,, | का.आ. 3974, | दिनांक 24.8.1985. |
| (xiv) | ,, | का.आ. 5641, | दिनांक 21.12.1985. |
| (xv) | ,, | का.आ. 1548, | दिनांक 19.4.1986. |
| (xvi) | ,, | का.आ. 3183, | दिनांक 20.9.1986. |
| (xvii) | ,, | का.आ. 3787, | दिनांक 8.11.1986. |
| (xviii) | ,, | का.आ. 2508, | दिनांक 19.9.1987. |
| (xix) | ,, | का.आ. 3092, | दिनांक 7.11.1987. |
| (xx) | ,, | का.आ. 3581, | दिनांक 10.12.1988. |
| (xxi) | ,, | का.आ. 641, | दिनांक 17.3.1990. |
| (xxii) | ,, | का.आ. 1469, | दिनांक 26.5.1990. |
| (xxiii) | ,, | का.आ. 2173, | दिनांक 18.8.1990. |
| (xxiv) | ,, | का.आ. 3033, | दिनांक 17.11.1990. |
| (xxv) | ,, | का.आ. 3414, | दिनांक 22.12.1990. |
| (xxvi) | ,, | का.आ. 534, | दिनांक 28.2.1991. |
| (xxvii) | ,, | का.आ. 2235, | दिनांक 24.8.1991. |
| (xxviii) | ,, | का.आ. 547(ई) | दिनांक 24.7.1992. |
| (xxix) | ,, | का.आ. 466, | दिनांक 13.3.1993. |
| (xxx) | ,, | का.आ. 1292, | दिनांक 12.6.1993. |
| (xxxi) | ,, | का.आ. 685, | दिनांक 12.3.1994. |
| (xxxii) | ,, | का.आ. 1232, | दिनांक 28.5.1994. |
| (xxxiii) | ,, | का.आ. 1945, | दिनांक 13.8.1994. |
| (xxxiv) | ,, | का.आ. 2451, | दिनांक 24.9.1994. |
| (xxxv) | ,, | का.आ. 174, | दिनांक 28.1.1995. |
| (xxxvi) | ,, | का.आ. 670(अ), | दिनांक 30.9.1996. |
| (xxxvii) | ,, | का.आ. 665(अ), | दिनांक 5.8.1998. |
| (xxxviii) | ,, | का.आ. 1835 | दिनांक 19.9.1998. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (xxxix) | .. | का.आ. 2274, | दिनांक | 14.8.1999. |
| (xxxx) | .. | का.आ. 3054, | दिनांक | 23.10.1999. |
| (xxxxi) | .. | का.आ. 2946, | दिनांक | 3.11.2001. |
| (xxxxii) | .. | का.आ. 3661, | दिनांक | 23.11.2002. |
| (xxxxiii) | .. | एफ.1(11)-ई.II(ए)/03 | दिनांक | 16.09.2003 |
| (xxxxiv) | .. | का.आ. 1970 | दिनांक | 14.7.2007 |
| (xxxxv) | " | का.आ. 1370 | दिनांक | 29.5.2010 |
| (xxxxvi) | " | का.आ. 3624 | दिनांक | 22.12.2012 |

## MINISTRY OF FINANCE

### (Department of Expenditure)

### NOTIFICATION

New Delhi, the 16th December, 2022

**S.O. 5895(E).**—In pursuance of clause (3) of article 77 read with article 150 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Delegation of Financial Powers Rules, 1978, namely:-

1. (1) These rules may be called the Delegation of Financial Powers (Amendment) Rules, 2022.

(2) They shall come into force on and from the 1st day of April, 2023.

2. In the Delegation of Financial Power Rules, 1978, hereinafter referred to as the principal rules, for rule 8, the following rule shall be substituted, namely:–

"8. **Primary units of Appropriation.**–

(1) A Grant or Appropriation for charged expenditure is distributed by standard Object Heads under which it shall be accounted for and each such standard Object Head, against which the provision for expenditure appears, constitutes a primary unit of Appropriation.

(2) The primary unit may include provision for both voted and charged expenditure and in that case the amount of each is shown separately.

(3) The primary units of Appropriation or standard Object Heads shall be as specified in the table below:

**TABLE**

| Sr.No | Code | Object Head | Description / Definitions |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| **(A) Revenue Expenditure** | | | |
| **Object Class 1- Compensation to Employees** | | | |
| 1. | 01 | Salaries | It will include pay of the Government employees as defined under FR 9 (21), honorarium to Government servant and stipend to interns. It will also include expenditure on emoluments and allowances of Heads of States and other high dignitaries including Sumptuary Allowance, salary payable to the staff of Departmental canteens and leave encashment on LTC. |
| 2. | 02 | Wages | It will include wages of labourers and of staff at present paid out of contingencies. |
| 3. | 05 | Rewards | It will include rewards under a scheme given to the Government employees in addition to their pay and allowances. It will also include payment of bonus and cash awards for Hindi Pratiyogita, etc. |
| 4. | 06 | Medical Treatment | It will include amount paid towards medical reimbursements / treatment of the Government employees/ pensioners. |

| Sr.No | Code | Object Head | Description / Definitions |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
